जय जय हनुमान | By Passi Kesri

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर
जय कपीश तिहु लोक उजागर
राम दूत अतुलित बलधामा
अंजनी पुत्र पवन सुत नामा
एक ही नाम जगत में ऐसा बनते बिगड़े काम
जपो जी सभी जय जय जय हनुमान 4

श्री राम का सच्चा सेवक बिगड़े काम बनाता है
हनुमान का सुमिरन करलो संकट पास ना आता है
श्री राम के भक्तो में है सच्चा सुच्चा नाम
जपो जी सभी जय जय जय हनुमान 4

कलयुग का है देव निराला बजरंगी मतवाला जी
लाल लंगोटा हाथ में सोटा गले वैजन्ती माला जी
सुमिरन करलो बाबा जी का
सुमिरन करलो बालाजी का बनते बिगड़े काम
जपो जी सभी जय जय जय हनुमान 4

बालाजी का रूप है लेकर भक्तों का उद्धार किया
जिसने ज्योत जगाई इनकी उनका बेडा पार किया
सीना चीर दिखाया जिसने श्री राम का नाम
जपो जी सभी जय जय जय हनुमान 4

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-passi-kesri/